तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 11 मार्च 2026

10 मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज ने खेली फूलों की होली



11 भरुवाडीह कला में पांच दिनों तक गूंजा मानसगान





## खबर संक्षेप




### महानदी जल विवाद ट्रिब्यूनल दल ने कलमा बैराज का किया निरीक्षण

बिलाईगढ़। ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बीच महानदी के पानी के बंटवारे को लेकर उपजे विवाद को हल करने के लिए भारत सरकार द्वारा गठित महानदी जल विवाद न्यायाधिकरण (ट्रिब्यूनल) दल ने 10 मार्च को दोपहर में कलमा बैराज का निरीक्षण किया। इस अवसर पर दोनों राज्य के राज्य स्तर की टीम, रायपुर, सारंगढ़, बिलाईगढ़, सक्ति और रायगढ़ जिले के जल संसाधन विभाग की टीम के साथ साथ कानून व्यवस्था आदि के लिए राजस्व और पुलिस के अधिकारी मौजूद थे।

### यूजीसी एक्ट का विरोध मंच ने काली पट्टी लगाकर दिया धरना



खरोरा। यूजीसी एक्ट के विरोध में जनसामान्य मंच द्वारा पं यामिनी शर्मा राष्ट्रीय सचिव के नेतृत्व में काली पट्टी लगाकर मातृशक्तियों ने मौन सांकेतिक धरना प्रदर्शन रायपुरा अग्रोहा कालोनी शिव शिवा मंदिर में आयोजित किया। पं. यामिनी ने कहा यह एक्ट सवर्ण समाज संवैधानिक अधिकारों का हनन है। इसे तत्काल हटाया जाए और सामान्य वर्ग के साथ हुए अन्याय को रोके। यही शासन से मांग है। छत्तीसगढ़ महिला प्रकोष्ठ की जिला इकाई रायपुर जिला यूजी सी रेगुलेशन वापस लो आंदोलन की सफलता के लिए सुंदर कांड का सामूहिक पाठ किया, जिसमें पं.अंजू पाण्डेय प्रदेश अध्यक्ष, पं. ज्योति शर्मा जिलाध्यक्ष, मंजू चौबे मीडिया प्रभारी, मंजू पांडेय, शैलजा तिवारी, संगीता शुक्ला, प्रेमलता शर्मा, निशा कर, रीता मैम, नीलू गोस्वामी, रेणुका दिवान, सीमा ठाकुर, राजेश्वरी गुप्ता आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन 1 अप्रैल तक

बलौदाबाजार। सेना भर्ती के लिए अधिसूचना 13 फरवरी को जारी की गई है। उक्त अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 1 अप्रैल तक खुली रहेगी। आवेदन अग्निवीर पुरुष जनरल, तकनीकी, लिपिक,स्टोर कीपर, ट्रेड्समैन दसवीं पास, ट्रेडमैन आठवीं पास, अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थाई कैडर नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के पदों के लिए अधिसूचना जारी किया गया है। ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 01 जून से 10 जून के मध्य आयोजित होने की संभावना है।

### नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने की गौरीशंकर से मुलाकात



सेल। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात कर आर्शीवाद प्राप्त किया। आज निज निवास स्वर्णभूमि रायपुर में कसडोल विधानसभा के कार्यकर्ता प्रदेश भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बरतराम पटेल, बलौदाबाजार सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक कृष्ण कुमार पटेल, कसडोल मंडल उपाध्यक्ष चंद्रिका पटेल, अर्जुनी पूर्व सरपंच सुखदयाल पटेल, मंडल मंत्री श्रीमान सिंह ध्रुव, जोहन पटेल शामिल थे।

# जिले के जलाशयों में मार्च से गहराने लगा जल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में जलाशयों और भूजल का तेजी से गिरता स्तर अब चिंता का विषय बनता जा रहा है। मार्च महीने के पहले सप्ताह में ही जिले के कई क्षेत्रों में पानी की कमी के संकेत मिलने लगे हैं। भूजल के अत्यधिक दोहन और कम वर्षा के कारण पारंपरिक जल स्रोत तेजी से सूखते नजर आ रहे हैं, जिससे आने वाले समय में पेयजल और सिंचाई संकट की आशंका बढ़ गई है। इधर प्रशासन ने भी स्थिति को देखते हुए मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत सोखता गड्ढों के निर्माण और जल संरक्षण के कार्यों को तेज करने की बात कही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते जल संरक्षण और भूजल दोहन पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाले महीनों में बलौदाबाजार जिले को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है।

## गंगरेल बांध के पानी से यहां के जलाशयों और तालाबों में होता है भराव



### हैंडपंप-बोरवेल का पानी भी हो रहा कम

कई गांवों में भूजल स्तर नीचे जाने के कारण अभी से पेयजल की समस्या शुरू हो गई है। हैंडपंप और बोरवेल का पानी का स्तर भी कम होने लगा है, जिससे शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। जल संकट का सबसे बड़ा कारण गर्मी के मौसम में होने वाली रबी फसलों की सिंचाई को माना जा रहा है। किसान बड़ी संख्या में बोर खनन कर जमीन के भीतर से पानी निकालकर खेतों की सिंचाई कर रहे हैं। प्रतिबंध के बावजूद कई क्षेत्रों में अधिक पानी वाली फसलों जैसे धान की खेती भी की जा रही है, जिससे भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है।

### तालाब मार्च में ही सूखने की कगार पर

जिले में आधा दर्जन से अधिक बड़े जलाशय मौजूद हैं, जिनमें कसडोल का बलार डेम, पलारी का बालसमंद जलाशय और बलौदाबाजार का कुकुरदी जलाशय प्रमुख हैं। इन जलाशयों का जलस्तर लगातार कम होता जा रहा है। कई जलाशयों में तो क्षमता का 30 प्रतिशत पानी ही बचा है। वहीं कई गांवों के तालाबों में भी पानी तेजी से घट रहा है। पहले जहां इन तालाबों में अप्रैल–मई तक पानी बना रहता था, वहीं इस बार मार्च महीने में ही इनके सूखने की स्थिति बनती नजर आ रही है।

### समय से पहले जल संकट की आशंका

पूरे बलौदाबाजार जिले के जलाशयों को भरने की जिम्मेदारी मुख्य रूप से धमतरी स्थित गंगरेल बांध से आने वाले पानी पर निर्भर है। पिछले वर्षों में अप्रैल और मई महीने में गंगरेल बांध से नहरों के माध्यम से जलाशयों और तालाबों को भरा जाता था। लेकिन इस बार जिस तेजी से जल स्तर गिर रहा है, उसे देखते हुए समय से पहले ही जल संकट की आशंका जताई जा रही है।

## आयोजन : शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान को मिली पहचान

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 35 नवाचारी शिक्षिकाएं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विकासखंड के 32 संकुलों के सक्रिय और नवाचारी महिला शिक्षकों का सम्मान कार्यक्रम कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड स्त्रोत केंद्र सिमगा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। सम्मान समारोह में विकासखंड की ऐसी सक्रिय महिला शिक्षकों का चिन्हांकन किया गया जो न केवल पाठ्यचर्या के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्कृष्टता प्रदर्शित की है, बल्कि शाला विकास योजना, सामुदायिक सहभागिता तथा लर्निंग आउटकम की प्राप्ति में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है। जिन्होंने शालेय परिवेश में संवेदनशीलता, समावेशन, बाल-केंद्रित शिक्षण तथा जीवन-कौशल आधारित शिक्षा को सशक्त रूप से क्रियान्वयन कर गतिविधि-आधारित अधिगम, अनुभवात्मक अधिगम, सहयोगात्मक अधिगम एवं सतत एवं व्यापक मूल्यांकन से शाला परिवेश को जीवंत किया है। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय श्रीवास्तव ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर यह सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि का उत्सव नहीं बल्कि नारी सशक्तिकरण, शैक्षिक नेतृत्व एवं गुणवत्ता उन्नयन के पहल की प्रशासकीय स्वीकृति है। इसलिए यह पहल निश्चित ही अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी तथा समग्र शिक्षा के उद्देश्यों की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होगी। इसी भावना के साथ हम सभी सक्रिय नवाचारी महिला शिक्षिकाओं के पहल को नमन करते हैं एवं उनके उत्कृष्ट योगदान को हृदय से अभिनंदन करते हैं। महिला शिक्षकों को संबोधित करते हुए एबीईओ डी. एस. ठाकुर ने प्रसन्नता व्यक्त किया कि विकासखंड के कर्मठ समर्पित और ऊर्जावान महिला शिक्षिकाओं को सम्मानित करना अपने आप में गौरव का विषय है। हमारा प्रयास रहेगा कि भविष्य में भी इस तरह का आयोजन हो तो ताकि शालाओं में आपके द्वारा किये जा रहे बेहतरीन कार्यों को रेखांकित करने का अवसर प्राप्त हो। कार्यक्रम में सम्मानित महिला शिक्षिकाओं के द्वारा भी अपने विचार रखे गए। कार्यक्रम में बीईओ संजय श्रीवास्तव , एबीईओ डीएस ठाकुर, राकेश सिंह, चतुर सिंह ध्रुव, बीआरसी किरण वर्मा, प्रधानपाठक अभिलाषा श्रीवास्तव एवं कार्यक्रम की संयोजिका भारती वर्मा की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन नीलम वर्मा व वैजन्ती कौशिक के द्वारा किया गया।



**इनका हुआ सम्मान** कार्यक्रम में शकुंतला साहू, अम्बा तम्बोली, रेखा ध्रुव, अर्चना साहू, लक्ष्मी वर्मा, ऋचाबाला गुप्ता, सावित्री देवांगन, सुशीला साहू, चित्रा साहू, शर्मिला टंडन, नीलम वर्मा, शशिबाला सिंह, जैसवीन कवल दास, सीमा मरकाम, मधुमती वर्मा, सुनीता यदु, चंद्रिका टोंडर, ललिता जैन, आशा मिंज, ऊषा वर्मा, डिगेश्वरी वर्मा, लक्ष्मी धिकड़े, बैजंती कौशिक, गीता ध्रुव, सत्यवती बघेल, निर्मला वर्मा, अंजू वर्मा, माधुरी साहू, हेमलता वर्मा, गीता सोनवानी, सुनीता उपाध्याय, तिरिथ दौंडे, प्रिया रवानी, कल्पना साहू एवं अर्चना यादव का सम्मान किया गया।

# उपमुख्यमंत्री साव ने दतान में किया मांगलिक भवन का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

दतान में नवनिर्मित निर्माण कार्यों के लोकार्पण के मौके पर ग्राम-दतान पहुंचकर मांगलिक भवन लागत 20 लाख का भव्य लोकार्पण मुख्य अतिथि अरुण साव उपमुख्यमंत्री ने किया। साथ ही ग्राम पंचायत के विभिन्न नव निर्माण कार्य का भी लोकार्पण किया, जिसमें सामुदायिक भवन लागत 6.50 लाख, लोक सेवा केंद्र लागत 5 लाख, रंग मंच लागत 1.50 लाख कुल 33 लाख के नव निर्माण कार्यों का लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर अध्यक्षता संदीप साहू विधायक विधानसभा कसडोल, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ साहू समाज, डॉ. निरेन्द्र साहू अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छग, मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण, जितेन्द्र साहू अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड, सुनील साहू अध्यक्ष जिला ▶▶ शेष पेज 10 पर

■ समारोह में विधायक संदीप साहू भी हुए शामिल

### भवन निर्माण से क्षेत्र के विकास को मिलेगी नई गति

उप मुख्यमंत्री ने साव ने कहा कि यह भवन क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। स्थानीय निवासियों के लिए यह भवन सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। साथ अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में अवगत कराया। उपस्थित सभी अतिथियों ने इस अवसर पर ग्रामवासियों ने खुशी जाहिर की और इस निर्माण के लिए प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नागरिक इस संपत्ति की देखभाल करेंगे और इसका उपयोग जनहित में करेंगे।

### 20 लाख की लागत से बने भवन का लोकार्पण

कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए संदीप साहू विधायक विधायक कसडोल ने कहा कि इस भवन के बनने से स्थानीय लोगों को कम खर्च में बेहतर व्यवस्था के साथ अपने कार्यक्रम आयोजित करने की सुविधा मिलेगी। ग्राम-दतान (प.) लगभग 20 लाख की लागत से निर्मित भवन का सुबह विधि-विधान से पूजन-अर्चना कर लोकार्पण हुआ। इस भवन का संचालन शुरू होते ही अगले ही दिन यहां पहला वैवाहिक समारोह भी संपन्न हुआ, जिससे ग्रामवासियों में खुशी का माहौल देखने को मिला।

# जपं में 37 आवास मित्रों का मानदेय रूका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



जनपद पंचायत पलारी में कार्यरत 37 आवास मित्रों का मानदेय भुगतान नहीं होने का मामला सामने आया है। आवास मित्रों ने इस संबंध में जनपद पंचायत अध्यक्ष को आवेदन देकर जल्द भुगतान की मांग की है।

आवेदन के अनुसार, पलारी जनपद पंचायत में कार्यरत 37 आवास मित्रों को फरवरी माह से बिना किसी लिखित आदेश के कार्य से पृथक कर दिया गया है और उनका मानदेय भी अब तक नहीं दिया गया है। बताया गया है कि जिला पंचायत द्वारा एक माह पहले ही आवास मित्रों के मानदेय के लिए जनपद पंचायत को राशि आवंटित कर दी गई थी, लेकिन 10 मार्च तक भुगतान नहीं किया गया।

आवास मित्रों का कहना है कि 10 मार्च को उन्हें मानदेय के संबंध में बुलाया गया था, जहां हितग्राहियों की सूची देकर उनसे हस्ताक्षर कराकर जमा करने को कहा गया और केवल 150 आवास का ही मानदेय देने की बात कही गई। जबकि जनपद पंचायत पलारी में 10157 आवास की स्वीकृति हुई थी जिसमें आवास मित्रों द्वारा 7819 आवासों को पूर्ण कराया जा चुका है, जिसमें सभी आवास ▶▶ शेष पेज 10 पर

# क्रूजर की टक्कर से घायल दूसरे युवक की मौत, घर का इकलौता चिराग था युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

थाना क्षेत्र के ग्राम रोहांसी रोड पर सड़क हादसे में घायल दूसरे युवक की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान 26 वर्षीय निखिल कनौजे के रूप में हुई है, जो बलौदाबाजार के इंदिरा कॉलोनी का रहने वाला था। निखिल अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार क्रूजर वाहन के चालक ने कथित रूप से शराब के नशे में लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दो दोपहिया वाहनों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि निखिल एवं अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया था।



हादसे में निखिल की दो बहनें भी घायल हुई हैं, जिनका उपचार बलौदा बाजार के एक निजी अस्पताल में जारी है। घटना के बाद घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया था। निजी अस्पताल उपचार के दौरान निखिल ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि निखिल कनौजे भिलाई में रहकर पढ़ाई कर रहा था और छुट्टी में अपने घर आया हुआ था। ▶▶ शेष पेज 10 पर

## कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, नहीं हटाने पर आंदोलन की दी चेतावनी

# पंचायत सचिव को हटाने ग्रामीण और जनप्रतिधियों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

तहसील से करीब 7 किमी दूर बसा ग्राम पंचायत हरदी हैं, जहां पदस्थ पंचायत सचिव पूजा हितेंद्र वर्मा को हटाने की मांग लेकर हरदी के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की टीम कलेक्टर से आवेदन देकर मुलाकात करने पहुंचे थे। कलेक्टर के दौरा कार्यक्रम में रहने के चलते मुलाकात अपर कलेक्टर से करते हुए सचिव को 7 दिवस के भीतर हटाए जाने की मांग की है। ▶▶ शेष पेज 10 पर

### राशि का दुरुपयोग नहीं हुआ

उन्होंने विकास कार्यों के लिए ही राशि का सदुपयोग किये हैं न कि दुरुपयोग आरोप झूठा है।

-पूजा हितेंद्र वर्मा, सचिव



### पंचायत सचिव पर पति के हस्तक्षेप

सचिव को हटाए जाने की मांग लेकर शिकायत में बताया गया कि सचिव अपने पति हितेंद्र वर्मा को लेकर ग्राम पंचायत की बैठक में जब-जब बैठक होती है तो बताते हैं इस बीच उनके पति ग्राम पंचायत के कार्यवाही में हस्तक्षेप किये जाने की बात सामने आयी है। इसके अलावा बिना जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव किये बिना अनावश्यक 10 लाख का फर्जी बिल लगाकर शासन के रुपये का सरपंच के साथ मिलकर दुरुपयोग किए जाने की मामला भी सुर्खियां बटोर रही है।

### कलेक्टर से की शिकायत

सचिव महीने में 2 या 3 दिन रहती है बाकी दिन गायब रहती है। महिला जनप्रतिनिधियों से दुर्व्यवहार भी करते रही है। इसीलिए लगभग 30 -35 ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा शुक्रवार को कलेक्टर बलौदाबाजार को सचिव को हटाने की मांग किये गए हैं।

### सचिव पर पारदर्शिता नहीं रखने की शिकायत

इस संबंध में उपसरपंच प्रतिनिधि एवं केंवट निषाद समाज के उपाध्यक्ष एसएमसी अध्यक्ष परदेशी राम कैवर्त्य ने बताया कि सचिव जनप्रतिनिधियों को किसी भी तरह का साफ सुथरा पारदर्शिता वाली जानकारी नहीं बताती है। बिना सूचना के शासन प्रशासन के विभिन्न मदों के राशियों का सरपंच के साथ मिलकर आहरण करते हुए करीब 10 लाख 2025-2026 के बीच निकाली गई है, जिसमें आधे से ज्यादा जनप्रतिनिधियों को पता भी नहीं है। इतना ही नहीं उनके पति हितेंद्र वर्मा जो सामुदायिक स्वास्थ्य लवन में आरएचओ आए जब भी पंचायत बैठक होता है दखल बाजी करते रहा है।

# 7 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के थाना सलिहा पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर की गई इस छापेमारी में पुलिस ने अवैध महुआ शराब जब्त की है।

पुलिस को 9 मार्च को पुख्ता जानकारी मिली थी कि ग्राम बिलारी का एक व्यक्ति अपने खेत की झोपड़ी में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिस टीम ने हमराह स्टाफ के साथ घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी चिंताराम चौहान 59 वर्ष पिता लालसाय चौहान निवासी ग्राम बिलारी वार्ड 8 को रंगे हाथ पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 7 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। जब्त शराब की कुल कीमत लगभग 700 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजा है।



## खबर संक्षेप

### भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष बने विजय



**पिथौरा (ग्रामीण)।** भारतीय जनता पार्टी संगठन ने विजय नायक को भाजयुमों का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति पर नायक ने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। नियुक्ति पर जिले के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताते हुए कहा है कि उनके अनुभव से युवा मोर्चा जिले में और अधिक मजबूत और सक्रिय होगा।

### उत्कल ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बने यूके दास



**पिथौरा।** उत्कल ब्राह्मण समाज पिथौरा शाखा की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से समाज के नए पदाधिकारियों के चयन की प्रक्रिया भी संपन्न हुई।बैठक में सर्वसम्मति से यूके दास को उत्कल ब्राह्मण समाज पिथौरा शाखा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। यूके दास शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं और सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। बैठक में समाज के प्रमुख सदस्यों में पीसी त्रिपाठी, रामचंद्र मिश्रा, भोजराज पुरोहित, राधेश्याम पांडे, नवीन पंडा, अरुण देवता, राजेंद्र पुरोहित, अश्विनी पुरोहित, रविशंकर पाढ़ी, एसएस मिश्रा, पी.सी. सामंतराय, टिकेश्वर होता सहित अन्य सामाजिक बंधु प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### 15 से खुरहा-चपका रोग टीकाकरण अभियान

**महासमुंद।** पशुधन में फैलने वाली खुरहा-चपका रोग की रोकथाम के लिए भारत सरकार के राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में खुरहा चपका रोग टीकाकरण का सातवां चरण आगामी 15 मार्च 2026 से प्रारंभ किया जाएगा। इस अभियान के तहत पशुधन विभाग की टीम गांव-गांव जाकर डोर-टू-डोर पशुओं का टीकाकरण करेंगे तथा सभी टीकाकरण की जानकारी भारत पशुधन पोर्टल में दर्ज की जाएगी।

# सांसद चौधरी की पहल पर छत्तीसगढ़ को 3,942 करोड़ का भारतनेट प्रोजेक्ट

## 11 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों को हाई-स्पीड इंटरनेट से जोड़ा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ में ग्रामीण डिजिटल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। केंद्र सरकार के संचार मंत्रालय ने भारतनेट परियोजना के तहत राज्य के लिए 3,942 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है, जिसके माध्यम से 11,000 से अधिक ग्राम पंचायतों को रिंग टोपोलॉजी आधारित हाई-स्पीड इंटरनेट नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। इस निर्णय के पीछे महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी द्वारा उठाई गई पहल और लगातार किए गए प्रयासों को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

गौरतलब है कि 5 दिसंबर 2025 को लोकसभा में सांसद रूपकुमारी चौधरी ने छत्तीसगढ़ में भारतनेट 2.0 की जमीनी स्थिति का मुद्दा उठाया था। उन्होंने सदन में कहा था कि डिजिटल इंडिया की इस महत्वपूर्ण परियोजना का राज्य में अपेक्षित रूप से क्रियान्वयन नहीं हो पाया है। कई स्थानों पर ऑप्टिकल फाइबर केबल अधूरी पड़ी हैं, खुदाई अधूरी छोड़ दी गई है और पंचायतों, शासकीय विद्यालयों तथा स्वास्थ्य केंद्रों को डिजिटल कनेक्टिविटी का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### डिजिटल सेवाओं को मिलेगी रफ्तार

नई स्वीकृति के तहत विकसित होने वाला रिंग टोपोलॉजी आधारित नेटवर्क अधिक विश्वसनीय और सुरक्षित माना जाता है। इस प्रणाली में यदि किसी एक बिंदु पर नेटवर्क बाधित होता है तो इंटरनेट सेवा वैकल्पिक मार्ग से जारी रहती है, जिससे कनेक्टिविटी बाधित नहीं होती।परियोजना के क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में ई-गवर्नेंस सेवाओं, ऑनलाइन शिक्षा, टेलीमेडिसिन और डिजिटल आर्थिक गतिविधियों को गति मिलने की संभावना है। इससे ग्राम पंचायतों, स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों और ग्रामीण समुदायों को बेहतर डिजिटल सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।




### संसद में उठे मुद्दे से मिली प्राथमिकता

विशेषज्ञों का मानना है कि संसद में उठाए गए मुद्दे और उसके बाद मंत्रालय स्तर पर की गई पहल ने इस विषय को नीति स्तर पर प्राथमिकता दिलाने में भूमिका निभाई। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने इस मुद्दे को केवल अपने संसदीय क्षेत्र तक सीमित नहीं रखा, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों की डिजिटल जरूरतों को सामने रखा।सांसद ने कहा कि डिजिटल कनेक्टिविटी आज ग्रामीण विकास की आधारभूत आवश्यकता बन चुकी है और यह प्रयास छत्तीसगढ़ के गांवों को डिजिटल इंडिया के लाभों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

सांसद ने यह भी ध्यान दिलाया था कि जल जीवन मिशन जैसी अन्य विकास परियोजनाओं के दौरान कई स्थानों पर पहले से बिछी फाइबर केबल क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन उनके समन्वय और मरम्मत के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं की उपलब्धता प्रभावित हुई है। संसद में यह विषय उठाने के बाद सांसद रूपकुमारी चौधरी ने केंद्रीय संचार मंत्री से मुलाकात कर इस विषय पर विस्तृत मांग-पत्र भी सौंपा, जिसमें परियोजना की समीक्षा, जिम्मेदारी तय करने और राज्य में डिजिटल नेटवर्क के प्रभावी पुनः क्रियान्वयन की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इसके बाद केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ में भारतनेट परियोजना को नई तकनीकी संरचना के साथ आगे बढ़ाने का निर्णय लिया।

## सतनामी समाज महिला प्रकोष्ठ ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

# नारी शिक्षित होकर बनाती है समाज को नशा मुक्त व स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



प्रगतिशील छग सतनामी समाज महिला प्रकोष्ठ पलारी के तत्वावधान में सतनाम भवन पलारी में विश्व महिला दिवस पर महिलाओं द्वारा विविध प्रतियोगिता सहित महिलाओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों के नेतृत्व विविध मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विजेता महिलाओं को पुरस्कार दिए गए। द्वितीय सत्र में डा.एफ आर निराला के मुख्य आतिथ्य एवं मोहन बंजारे के अध्यक्षता में एवं ब्लाक अध्यक्ष पलारी महेश ढीढी सुनील कुर्रे, सुखनंदन बघेल, देवप्रसाद मार्कण्डेय, बाबूलाल बंजारे, अनिल आदिल, सेवक भटपहरी, मोहर सिंह चतुर्वेदी के विशिष्ट अतिथि के सम्मान समारोह आयोजित किया गया। डॉ. निराला ने उपस्थित मातृ शक्ति को महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि नारी शिक्षित होकर समाज को नशा मुक्त व स्वस्थ बनाती है। उन्होंने कहा कि नारी जननी है महिलाओं के बिना एक अच्छे परिवार व समाज की कल्पना नहीं किया जा सकता है। आज महिलाएं पढ़ लिखकर आत्मनिर्भर हो रही है ।पढ लिखकर देश के उच्च पदों में आसीन अपने नेतृत्व का लोहा मनवा रहीं हैं। डा.निराला ने कहा कि हम स्वस्थ रहकर ही शिक्षित एवं आत्मनिर्भर समाज बना सकते हैं। परिवार को स्वस्थ रखने महिलाएं विशिष्ट योगदान दे सकती है स्वस्थ तन में स्वस्थ मन का वास होता है। हमें अपने तथा परिवार के स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। सभा में प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे ने कहा कि भारतीय नारी को माता सावित्री बाई फुले के जीवन संघर्ष एवं माता रमाबाई अम्बेडकर के त्याग एवं बलिदान से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है। माता सावित्री बाई फुले के कारण हमें पढ़ने लिखने का अधिकार मिला है आज उनके बदौलत एवं भारतीय संविधान में मिले अधिकारों के दम पर महिलाएं आत्मनिर्भर हुई है। समाज को संगठित बनाने महिलाओं की सहयोग जरुरी है। संचालन महेश ढीढी ने एवं आभार प्रदर्शन ब्लाक अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ भगवती टण्डन ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं को महिला दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# 'जीवन के रंग खुशियों के संग' पहल से छात्रावास में बढ़ी सकारात्मकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास पिथौरा में जीवन के रंग खुशियों के संग प्रोजेक्ट के तहत एक सकारात्मक और प्रेरणादायक पहल देखने को मिल रही है। प्रोजेक्ट संकल्प से प्राप्त प्रशिक्षण के बाद छात्रावास के वातावरण में सकारात्मक परिवर्तन आया है। अब छात्रावास के छात्र एक-दूसरे को गुड मॉर्निंग और गुड नाइट की जगह हैप्पी मॉर्निंग, हैप्पी इवनिंग और हैप्पी नाइट कहकर संबोधित करते हैं, जिससे वातावरण में सकारात्मकता और उत्साह का संचार हो रहा है। इस पहल का असर यह भी हुआ है कि छात्रावास के चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों को अब कर्मचारी नहीं बल्कि सहयोगी के रूप में सम्मान दिया जाने लगा है। इससे उनमें भी आत्मसम्मान और उत्साह बढ़ा है तथा वे बच्चों के साथ और अधिक जुड़ाव महसूस कर रहे हैं। प्रोजेक्ट के अंतर्गत बच्चों को कई प्रेरणादायक कहानियां सुनाई गईं, जो प्रशिक्षण के दौरान बताई गई थीं। इन कहानियों से प्रेरित होकर छात्रों ने उन्हें अपने गांव और घर जाकर परिवार एवं अन्य बच्चों को भी सुनाया। इसके साथ ही बच्चों को सफलता के 10 मंत्र बताए गए और उन्हें अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों ने इन सफलता मंत्रों को समझते हुए स्वयं उनके पोस्टर भी तैयार किए, जिससे वे रोज़ उन्हें देखकर प्रेरणा ले सकें।

छात्रावास में बच्चों और सहयोगी कर्मचारियों ने मिलकर किचन गार्डन भी तैयार किया है। इससे बच्चों में सामूहिक कार्य की भावना और प्रकृति के प्रति लगाव बढ़ा है। साथ ही समय-समय पर बच्चों से उनकी समस्याओं और जरूरतों के बारे में चर्चा की जाती है, जिससे उनकी बातों को समझने और समाधान करने में आसानी होती है।

**खास बातें**

- हैप्पी मॉर्निंग और हैप्पी नाइट से शुरू हो रहा दिन, बच्चों में बढ़ा आत्मविश्वास और सहयोग की भावना
- प्रोजेक्ट संकल्प से प्राप्त प्रशिक्षण के बाद पिथौरा छात्रावास के वातावरण में आया सकारात्मक



# बेमचा में चैत्र नवरात्र महोत्सव 19 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी सिद्ध शक्ति पीठ मां खल्लारी मंदिर बेमचा में चैत्र नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ 19 मार्च 2026, गुरुवार से ज्योति प्रज्ज्वलन के साथ किया जाएगा। इस पावन अवसर पर क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में मां खल्लारी के दर्शन करने पहुंचेंगे। महोत्सव के अंतर्गत 19 मार्च को दोपहर 12 बजे ज्योति स्थापना की जाएगी। इसके बाद 23 मार्च 2026, सोमवार को पंचमी श्रृंगार का विशेष आयोजन होगा। वहीं 26 मार्च 2026, गुरुवार को शाम 5 बजे हवन अनुष्ठान किया जाएगा तथा रात्रि 12 बजे हवन शांति संपन्न होगी। इसके अलावा 2 अप्रैल को मंदिर परिसर में भव्य मेला भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। समिति ने सभी श्रद्धालुजनों से आग्रह किया है कि वे सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होकर मां खल्लारी के दर्शन एवं आशीर्वाद का लाभ प्राप्त करें। यह जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी।

## 4 माह से पेंशन नहीं मिलने से आर्थिक संकट से जूझ रहे निराश्रित : सृष्टि



**महासमुंद।** जिले के निराश्रित, विधवा और बुजुर्ग पेंशनभोगियों को पिछले 4 महीने से पेंशन नहीं मिल पाई है, जिससे वे आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। वृद्धजन, विधवा, दिव्यांग, सुखद सहारा योजना और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़े हजारों हितग्राही इस समस्या से सीधे तौर पर प्रभावित हैं। जिला पंचायत सदस्य सृष्टि अमर चंद्राकर ने तत्काल निराश्रितों को पेंशन प्रदान करने की मांग की है। सृष्टि ने बताया कि राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, सुखद सहारा योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और मुख्यमंत्री पेंशन योजना के हजारों हितग्राही पेंशन से वंचित हैं। ये सभी पिछले चार महीनों से अपनी पेंशन का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि समस्या का मुख्य कारण केंद्र सरकार द्वारा राज्य को अपना अंश समय पर जारी नहीं किया जाना है, जिससे राज्य सरकार को योजनाओं के क्रियान्वयन में कठिनाई आ रही है। उन्होंने भाजपा की 'गारंटी' पर सवाल बताते हुए कहा कि सरकार के वादों के बावजूद जरूरतमंदों को उनका हक नहीं मिल पा रहा है। भाजपा की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का फर्क साफ दिख रहा है।

## चंद्राकर समाज की महिलाओं का होली मिलन समारोह आयोजित



**महासमुंद।** नगर के हृदय स्थल श्रीरामजानकी मंदिर परिसर में चंद्राकर समाज की महिलाओं द्वारा हर्षोल्लास और उत्साह के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने आपसी प्रेम, सौहार्द तथा एकता का संदेश दिया। जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सहभागिता की। फूलों और गुलाल के साथ होली खेलते हुए महिलाओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और पूरे वातावरण को रंगों की खुशियों से सराबोर कर दिया। गीत-संगीत, हंसी-ठिठोली और आत्मीय संवाद के बीच होली मिलन समारोह बेहद उल्लासपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ महिलाओं ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी मेल-मिलाप को बढ़ाने के साथ-साथ हमारी संस्कृति और परंपराओं को सशक्त बनाने का कार्य करते हैं। होली जैसे पावन पर्व पर इस प्रकार का मिलन समारोह समाज की एकजुटता और पारिवारिक भावना को और मजबूत करता है।

# कोमाखान में भारत की जीत व चैंपियन बनने पर जश्न, आतिशबाजी के साथ उड़े रंग गुलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान



फाइनल मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से परास्त कर टी 20 का खिताब तो जीता ही है। साथ ही भारतीय टीम तीसरी बार विश्व चैंपियन बनी। जीत व चैंपियन बनने की दोहरी खुशी में युवाओं ने एक दूसरे को खूब रंग गुलाल लगाया और मध्य रात्रि डीजे की धुन पर थिरकते नजर आये। वहीं देर रात तक पटाखे फोड़ कर खूब आतिशबाजी भी की गई।

उल्लेखनीय है कि आज क्रिकेट का जुनून सभी पर सवार है। रविवार को टी 20 विश्वकप का फाइनल मैच देखने स्थानीय युवाओं ने एक बड़ी स्क्रीन की व्यवस्था साप्ताहिक बाजार के पास की थी। पूरा नगर सायं 7 बजे के पहले स्क्रीन के समक्ष आ बैठा। मैच के दौरान युवाओं ने हरेक बाउंड्री व सिक्स के अलावा न्यूजीलैंड के विकेट पतन के दौरान बम फोड़ते रहे। अंत में भारतीय टीम ने मैच जीतकर टी 20 का खिताब जीता व तीसरी बार चैंपियन का ताज बरकरार रखा। बहरहाल जीत का जश्न मनाने वाले युवाओं में उपसरपंच कोमाखान हीरेंद्र उपाध्याय, रवि केशरवानी, सुनील जैन, अबीर अग्रवाल, नितिन जैन, धैर्य जैन, पंकज जैन, नरेंद्र जैन, धीरज जैन, देवज्ञ चंद्राकर, मयंक चंद्राकर, अभय जैन, देवव्रत शर्मा, अक्षत अग्रवाल, वाजिद खान, जाविद खान के अलावा आकाश जैन, पीयूष जैन, प्रदीप यादव, हरिशंकर यादव, आदेश उपाध्याय, अनिल द्विवेदी, कुमार ठाकुर, विनोद चंद्राकर, रूपेश साहू, राजा जैन, राजू जैन, राजू केशरवानी, समीर खान आदि थे।

# मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज ने खेली फूलों की होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार नगर इकाई द्वारा होली मिलन समारोह एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन मनवा कुर्मी मंगल भवन में किया गया।

इस अवसर पर समाज के लोगों ने एक-दूसरे को फूलों से होली खेलकर बधाई दी। कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समाज की दायित्व वान एवं विविध क्षेत्र मे सेवा प्रदान कर रही महिलाओं का सम्मान किया गया। साथ ही महिलाओं द्वारा खेली जाने वाली पारम्परिक खेल फुगड़ी के साथ ही कुर्सी दौड़, भौरा का खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें महिलाएं बढ़ चढ़ कर हिस्सा ली। अतिथियों ने महिलाओं के समाज निर्माण और उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए उनके कार्यों की प्रशंसा की।

मुख्य अतिथि खोड़स राम कश्यप ने कहा कि समाज की प्रगति में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता, भाईचारा और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करने का कार्य करते हैं। अध्यक्षता कर रहे नगर प्रमुख हेमन्त टिकरिहा ने सभी को होली की एवं अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए समाज की एकजुटता पर बल दिया।

कार्यक्रम में सुमन योगेश वर्मा जनपद उपाध्यक्ष बलौदाबाजार, श्रद्धा मनीष वर्मा पार्षद बलौदाबाज़ार, सरस्वती चंद्रवंशी परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास, प्रीति बंछोर जिला खेल अधिकारी, किरण वर्मा आर्ट ऑफ लिविंग का भी उद्बोधन हुआ सभी ने शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन नगर महिला प्रमुख सरिता नायक ने किया एवं आभार प्रस्तुति पुष्पा राज वर्मा ने किया। कार्यक्रम में कुर्मी समाज के पदाधिकारी, महिलाएं, युवा एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### उपमुख्यमंत्री साव ने ...

साहू संघ बलौदाबाजार, सविता भीम यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी, महेन्द्र मोनू साहू जिला पंचायत सदस्य बलौदाबाजार, जगदीश साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ पलारी, गोपी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत पलारी ,गनपत साहू अध्यक्ष साहू समाज दतान परिक्षेत्र, मिथलेश मुकेश साहू अध्यक्ष भाजपा मण्डल संडी, जामंवती नीलकमल साहू सभापती जनपद पंचायत पलारी, सरपंच अंजली पुरुषोत्तम फेकर, सचिव खम्हन वर्मा, ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष वासुदेव साहू सरपंच, साहू समाज प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों, के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ।

उक्त अवसर पर प्रशासन के प्रमुख, समाज के वरिष्ठ जन, ग्राम-पंचायत दतान (प.) अंजली पुरुषोत्तम फेकर सरपंच, नरोत्तम यादव उपसरपंच, खम्हन वर्मासचिव, पंचगण, ग्रामीण साहू समाज दतान(प.) अध्यक्ष वासुदेव साहू, संरक्षक पुरनलाल साहू, उपाध्यक्ष पुरुष चन्द्रशेखर साहू, उपाध्यक्ष महिला मोंगरा साहू, संयुक्त सचिव पुरूष डॉ.पुसराम साहू, सचिव घनश्याम साहू, कोषाध्यक्ष उदय राम साहू, सलाहकार में भोला राम साहू अंकेक्षण- जिला साहू संघ बलौदाबाजार, ढेलुराम साहू, राधेश्याम साहू, रामसिंग साहू, अमृत साहू, बिसाहू राम साहू, पार प्रमुख, समाज के वरिष्ठ जन ग्रामवासी आदि उपस्थित थे।

### जपं में 37...

मित्रों के द्वारा लगभग 250 से अधिक आवासों का कार्य पूरा कराया है।आवास मित्रों ने यह भी बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 का अंतिम माह चल रहा है। यदि हितग्राहियों से हस्ताक्षर करवाने में देरी होती है तो वित्तीय वर्ष समाप्त हो जाएगा और उनका मानदेय भुगतान लंबित रह सकता है। आवास मित्रों ने जनपद पंचायत अध्यक्ष से मांग की है कि उनके लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान कराया जाए।

### क्रूजर की टक्कर...

अचानक हुए इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है। लोगों ने जिले में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों को लेकर पहले भी चिंता जताई है। इस पर लोगों ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पलारी के ग्रामीण इलाकों में चल वाहनों की हालत बेहद खराब व कंडम रहती है। वाहनों का बॉडी फिटनेस भी सही नहीं रहता, जिससे हादसों में इजाफा हुआ है, वहीं परिवहन विभाग द्वारा कार्यवाही नहीं करने से इनके हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।

### पंचायत सचिव को ...

नहीं हटाए गए तो सड़क में मोर्चा खोलने की बात ग्रामीणों ने किये हैं।पंचायत सचिव को जिला प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर कब संज्ञान लेते हैं, फिलहाल नए कलेक्टर के पदस्थापना के बाद से हरदी के ग्रामीणों को एक नई उम्मीद दिखाई दे रही है कि कलेक्टर साहब उनकी मांग को जरूर पूरा करेंगे।

## खबर संक्षेप

### योग भवन में 13 मार्च को होगा होली मिलन

**महासमुंद।** स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन, महासमुंद में दिव्य जीवन संघ के तत्वावधान में 13 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सायंकाल 6 बजे से रात लगभग 8:30 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें फाग गीतों की प्रस्तुति के साथ पारंपरिक तरीके से होली का उत्सव मनाया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में किसी भी प्रकार के रंग और गुलाल का उपयोग पूर्णतः वर्जित रहेगा। होली मिलन के दौरान केवल पलाश और गेंदे के फूलों का ही उपयोग किया जाएगा, जिससे पर्यावरण के अनुकूल एवं सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप आयोजन किया जा सके। दिव्य जीवन संघ के अध्यक्ष दौलत चंद्राकर एवं तारेंद्र चंद्राकर ने सभी श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होकर होली मिलन समारोह को सफल बनाने की अपील की है।

### सांसद प्रतिनिधि बने रामआसरे

**महासमुंद।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से राम आसरे यादव को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर यादव समाज के सामाजिक जनों ने उनसे मुलाकात की। सांसद



रुपकुमारी चौधरी का आभार जताया। जिसमें मुख्य रूप से जीवन यादव, मोहन यदु, पुरुषोत्तम पंडा यादव, सतीश यादव, संजय यादव, मनोहर यादव, भुवनेश्वर यादव, विष्णु यादव, धनुष यादव, मोती यादव, बलराम यादव, रोहित यादव, हेमलाल यादव, ओम प्रकाश यादव नोहर यादव, गौतम यादव अधिवक्ता, मनीष यादव, वेदकुमार यादव, छोटकू, संतोष यादव, नथेलू यादव सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे। उक्त जानकारी संजय यादव ने दी।

### जिला उपाध्यक्ष ने संगठन का माना आभार

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष आकाश पांडेय ने अपनी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व और संगठन का आभार प्रकट किया है। हाल ही में घोषित नई कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अपनी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, संगठन ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करूंगा। युवाओं को पार्टी की रीति-नीति से जोड़ना और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

# क्रिकेट स्पर्धा में 32 टीमें शामिल, विजेता टीम को मिलेगा पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

ग्राम पंचायत मल्लीन में 10 मार्च से लिटिल स्टार के तत्वावधान में आयोजित मल्लीन प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ जनपद सभापति अश्वनी रजक ने किया। इस प्रतियोगिता में आसपास गांवों की 32 टीमें हिस्सा ले रही है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15001 रुपये आयोजक द्वारा द्वितीय पुरस्कार 10001 रुपए आयोजक द्वारा तृतीय पुरस्कार 5001 रुपये आयोजक द्वारा एवं प्रथम द्वितीय तृतीय के विजेताओं को ट्रॉफी गंगा सागर साहू द्वारा दी जाएगी। वही एंट्री फीस एक हजार रुपये रखा गया है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच लच्छनपुर और दतान के बीच खेला गया। इसमें लच्छनपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। दतान की टीम ने निर्धारित 6 ओवर में 59 रन बनाए और लच्छनपुर की टीम को 60 रन बनाने का लक्ष्य दिया, जिस पर लच्छनपुर की टीम दो रन से मैच हार गयी। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पप्पू को दिया गया।



#### खेल से बढ़ता है भाईचारा: अश्वनी रजक

उद्घाटन अवसर पर जनपद सभापति अश्वनी रजक ने कहा कि खेल को हमेशा खेल भावना के साथ खेलना चाहिए खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है बल्कि समाज में भाईचारा सद्भाव और एकता को भी मजबूत करता है। उद्घाटन मैच के दौरान सरपंच रामकली, महेश मिर्झा, सचिव भोजराम पटेल, विक्रेता शिवानंद गिरी, पंच उधोराम साहू, पूर्णिमा बाई, फोटो बाई, शशि ध्रुव, ग्राम पटेल सुखदेव साहू, कप्तान नागेश ध्रुव, उपकप्तान दिलेश्वर साहू, नीलकंठ साहू, तरुण ध्रुव, अर्जुन ध्रुव, चंद्रेश साहू, भोलाराम, सौरभ साहू, धनेश्वर साहू, ताम्रध्वज साहू, गंगासागर साहू, गोविंद साहू, अश्वनी साहू, सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### बजट सत्र : विधायक कविता प्राण लहरे ने वन विभाग को घेरा

# अर्जुनी वन परिक्षेत्र में हाथी-टाइगर की बढ़ती गतिविधियों पर विधानसभा में गूंजा मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक कविता प्राण लहरे ने अर्जुनी वन परिक्षेत्र में हाथी और टाइगर की बढ़ती गतिविधियों से प्रभावित ग्रामीणों की सुरक्षा का गंभीर मुद्दा सदन में उठाया। विधायक ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि जब लंबे समय से इन क्षेत्रों में हाथियों और बाघ की लगातार आवाजाही हो रही है, तब भी स्थायी सुरक्षा व्यवस्था नहीं किया जाना बेहद चिंताजनक है।

परिक्षेत्र अर्जुनी में हाथी और टाइगर की लगातार गतिविधियों के कारण 30 जनवरी को वन विभाग द्वारा विद्युत विभाग बिलाईगढ़ को पत्र लिखकर सरायपाली, गाजरडीह, सिरमाल, बिलारी, अर्जुनी एवं करमेल ग्रामों में शाम 7 बजे से सुबह 5 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद करने का अनुरोध किया गया था। उन्होंने सदन में इस पत्र की प्रति भी उपलब्ध कराने की मांग की।

विधायक ने इस विषय को गंभीर बताते हुए कहा कि यदि वन विभाग को पहले से जानकारी थी कि इन क्षेत्रों में हाथियों और टाइगर की लगातार गतिविधियां हो रही हैं, तो फिर अब तक स्थायी सुरक्षा व्यवस्था क्यों नहीं की गई। उन्होंने पूछा कि आखिर इन प्रभावित गांवों में सोलर फेंसिंग, ट्रेंचिंग, अलर्ट सिस्टम या स्थायी रेस्क्यू टीम जैसी व्यवस्थाएं क्यों नहीं बनाई गईं।

इस पर वन मंत्री केदार कश्यप ने सदन में जवाब देते हुए स्वीकार किया कि अर्जुनी वन परिक्षेत्र में हाथियों और बाघ की लगातार गतिविधियों के कारण वन परिक्षेत्र अधिकारी अर्जुनी द्वारा 30 जनवरी और 1 फरवरी को विद्युत विभाग बिलाईगढ़ को पत्र भेजकर संबंधित गांवों में रात्रि के समय बिजली बंद करने का अनुरोध किया गया था।

वन मंत्री ने यह भी बताया कि वन विभाग द्वारा हाथियों और टाइगर की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए हाथी मित्र दल, टाइगर मॉनिटरिंग टीम और गश्ती दल के माध्यम से निगरानी की जा रही है। इसके अलावा ग्रामीणों को समय-समय पर सूचना देने के लिए गज संकेत मोबाइल ऐप के माध्यम से पंजीकरण कराया गया है, जिससे हाथियों के आवागमन की जानकारी मोबाइल पर एसएमएस के जरिए दी जाती है।

#### जन शिकायतों के समयबद्ध निराकरण की सरकार से विस्तृत जानकारी मांगी

**बिलाईगढ़।** विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक कविता प्राण लहरे ने क्षेत्र की जनता से जुड़ी महत्वपूर्ण समस्याओं को सदन में उठाया। विधायक ने जन शिकायतों के समयबद्ध निवारण को लेकर सरकार से विस्तृत जानकारी मांगी और यह सवाल उठाया कि आखिर जनता की शिकायतों के समाधान में देरी क्यों हो रही है। विधायक ने मुख्यमंत्री से प्रश्न करते हुए पूछा कि बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न विभागों से संबंधित कुल कितनी जन शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उनमें से कितनी शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है और कितनी शिकायतें अब भी लंबित हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी जानना चाहा कि लंबित शिकायतों के निराकरण में देरी के क्या कारण हैं और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है।उन्होंने सरकार से यह भी पूछा कि क्या जन शिकायतों के समयबद्ध और पारदर्शी निराकरण के लिए कोई ऑनलाइन या ऑफलाइन व्यवस्था लागू की गई है, जैसे कि जन शिकायत पोर्टल या हेल्पलाइन, ताकि आम जनता को अपनी समस्या दर्ज कराने और उसका समाधान प्राप्त करने में सुविधा मिल सके। साथ ही उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि भविष्य में जन शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।इस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सदन में



जवाब देते हुए बताया कि बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न विभागों से कुल 1042 जन शिकायतें/आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 1033 शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है, जबकि 09 शिकायतें अभी भी लंबित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ शिकायतें तकनीकी प्रक्रियाओं के कारण लंबित हैं और उनके शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं।मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि जन शिकायतों के समयबद्ध एवं पारदर्शी निराकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा जन शिकायत निवारण विभाग के माध्यम से ऑनलाइन पोर्टल जनशिकायत संचालित किया जा रहा है, जहां नागरिक अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इसके अलावा शासन स्तर से समय-समय सभी विभागों और जिलों में नियुक्त नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण कर उसकी जानकारी संबंधित पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड करें।

# पेंशनर्स समाज की मासिक बैठक और होली मिलन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज तहसील शाखा की मासिक बैठक एवं होली मिलन देवांगन भवन, केशला नवांगांव रोड में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार रमाकांत कैवर्त, अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्राचार्य केआर वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि सीताराम यादव, फणेन्द्र भूषण पटेल और शाहजहां अंसारी उपस्थित थे।



इस अवसर पर नई सदस्यता ग्रहण करने वाले हरिश देवांगन, आशाराम वर्मा, संतोष कुमार वर्मा व रमेश कुमार वर्मा का तिलक-चंदन, गमछा व श्रीफल देकर सम्मान किया गया। फरवरी-मार्च माह में जन्मदिन वाले पेंशनर साथियों नरेश कुमार वर्मा, फणेन्द्र भूषण पटेल व रामकुमार धीवर को भी श्रीफल व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। वहीं 80 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर श्यामलाल देवांगन तथा उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक दिनेश कुमार वर्मा का भी सम्मान किया गया। तहसील अध्यक्ष गोपालदास पड़वार ने आठवें वेतन आयोग के गठन, पेंशनरों की समस्याओं व लंबित तीन प्रतिशत पेंशनर राहत के संबंध में जानकारी देते हुए पेंशनरों से एकजुट रहने की अपील की। कार्यक्रम में पेंशनर साथियों ने फाग गीत गाकर व गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। संचालन अंबिकाप्रसाद वर्मा ने किया। अंत में पेंशनर साथी पुन्नूलाल साहू के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

# प्राथमिक स्कूल में न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय प्राथमिक शाला तुलसी में ग्राम के डॉ. चुनु राम साहू ने अपने सुपुत्र विकास साहू एवं पुत्र वधु दामिनी के शादी होने की खुशी पर प्राथमिक शाला के लगभग 165 बच्चों एवं समस्त को बालू शाही खिला कर खुशियां मनाई। इस अवसर पर डॉ. चुनु साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेन्द्र यादव समस्त स्टाफगण रसोईयागण असाक्षर को पढ़ाने वाला उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रधान पाठक महेन्द्र



कुमार साहू ने डॉ. चुनु का सम्मान करते हुए उनके सुपुत्र एवं पुत्र वधु और उनके परिवार को बधाई दी।

# भरुवाडीह कला में पांच दिनों तक गूंजा मानसगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम भरुवाडीह कला में श्रीराम मानस मंडली, जानवी मानस परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त सहयोग से पांच दिवसीय रामायण का समापन हुआ। पांच दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित होकर राम कथा का श्रवण करते रहे। दूर-दूर के गांवों से आई रामायण टोलियों की भावपूर्ण प्रस्तुति ने पूरे गांव को भक्ति और आध्यात्मिकता के वातावरण से सराबोर कर दिया।



समापन पर गांव में विशेष उत्साह और आस्था का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के अंतिम दिन भव्य दीपदान का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों दीपों की रोशनी से पूरा परिसर आलोकित हो उठा। इसके पश्चात श्रद्धालुओं की उपस्थिति में महाआरती हुई, जिसमें सभी भक्तों ने एक साथ भगवान श्रीराम की आराधना कर गांव की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। आयोजन समिति के सदस्य योगेश निषाद, गजेंद्र निषाद, मोहन साहू, आरती निषाद, रामचरण साहू, बलराम वर्मा, अनिशा यादव, कविता यादव, सावित्री निषाद, डागेशवरी साहू, कपिल निषाद, दिलीप निषाद, भगत निषाद, हीरा सिंह वर्मा, नारायण साहू, जागेश्वरी निषाद, रमेश निषाद आदि ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि राम कथा प्रस्तुत करने के लिए पधारी सभी रामायण टोलियों को सम्मान स्वरूप शाल, श्रीफल एवं 701 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

#### श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की विशेष व्यवस्था

इस अवसर पर दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं के लिए भोजन एवं प्रसाद की भी उत्कृष्ट व्यवस्था की गई थी, जिससे सभी भक्तों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। शिक्षक धीरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि ग्राम भरुवाडीह कला में यह रामायण आयोजन हर वर्ष पूरे श्रद्धा, उत्साह और परंपरा के साथ आयोजित किया जाता है, जो गांव की धार्मिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि इन दिनों समीपस्थ ग्राम कठिया, कुम्हारी और पचदेवरी में भी राम कथा का आयोजन हुआ, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना रहा। इस आयोजन में ग्राम की सरपंच चित्ररेखा सेतकुमार बंजारे सहित ग्राम के गणमान्य नागरिकों और समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ, जिसके कारण यह धार्मिक आयोजन अत्यंत सफल, भव्य और यादगार बन गया।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### गर्मी में पेयजल समस्या निदान के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**बलौदाबाजार**। ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था बनाये रखने जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्ति कर उनका सम्पर्क नम्बर जारी किया गया है। जिले के किसी भी ग्राम में पेयजल की समस्या होने पर अथवा ग्राम में हैण्डपम्प खराब हो जाने पर दिये गये नम्बरों पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इसके अलावा टोल फ्री न 1800-233-0008 पर भी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। जिला स्तर पर सहायक अभियंता आर के ध्रुव, दीपक कुरुवंशी, हैण्डपंप तकनीशियन सुरेन्द्र कुमार, विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत उप अभियंता कलीराम पैकरा, विकासखंड पलारी उप अभियंता संदीप लारेंस, विकासखंड भाटापारा सहायक अभियंता रीना सिंह, विकासखंड सिमगा सहायक अभियंता केएल देवांगन, विकासखंड कसडोल सहायक अभियंता मनोज दाखोडे से संपर्क किया जा सकता है।

### प्रदेश साहू संघ की कार्यकारिणी में धनंजय को मिली जिम्मेदारी

**बलौदाबाजार**। छत्तीसगढ़ प्रदेश



साहू संघ की नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू द्वारा जारी मनोनयन सूची में विभिन्न जिलों के सक्रिय समाजसेवियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के पूर्व साहू समाज जिला अध्यक्ष, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी धनंजय साहू को प्रदेश कार्यकारिणी में स्थान दिया गया है। उनके मनोनयन से जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में समाजजनों में खुशी का माहौल है। धनंजय साहू लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। समाज के लोगों ने विश्वास जताया है कि उनके अनुभव और नेतृत्व से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद**। बागबाहरा के बाजारपारा से पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि दुर्गेश कुमार सोनवानी पिता भरत सोनवानी (34 वर्ष) वार्ड नं 11 बाजारपारा बागबाहरा खोटला घठोना नैकिन तालाब के पास शराब बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2.5 लीटर महुआ शराब कीमत 500 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### अज्ञात लोगों ने की लूटपाट

**महासमुंद**। ग्राम लोहरीनडोंगरी में लूटपाट के शिकार बाइक सवार ने तीन अज्ञात लोगों के विरूद्ध सांकरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि लिलेश्वर सहिस पिता निरंजन सहिस (19 साल) कसीबाहरा थाना पिथौरा 9 मार्च को अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एचसी 8936 से दोस्तों के साथ सरायपाली से कसीबाहरा जा रहा था, रात्रि लगभग 02 से 02.30 बजे के मध्य एनएच 53 ग्राम लोहरीनडोंगरी जरहा पुलिया के पास लाल काले रंग के प्लसर मोटर सायकल में तीन अज्ञात व्यक्तियों के आये और उनकी मोटर सायकल के आगे अपने बाइक को खड़ा कर दिया और चाकू दिखाकर धमकी देने लगे और उन्होंने नगद 500 तथा मोबाइल को लूट लिया। मामले में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 3(5), 309(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### भाजयुमो जिला मंत्री बने कमलेश

**महासमुंद**। भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकर्ता कमलेश डड़सेना को भाजयुमों जिला कार्यकारिणी में मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी संगठन में उनकी सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए जिले के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा उन्हें भाजयुमो जिला महासमुंद की कार्यकारिणी में मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई है।

# इमली लाटा को राखी ध्रुव ने बनाया आजीविका का साधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राखी ध्रुव ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक स्वाद इमली लाटा को न केवल अपनी पहचान बनाया, बल्कि इसे अपनी आजीविका का एक सशक्त जरिया भी बना लिया।

उनकी यह यात्रा मेहनत, नवाचार और परंपरा को सहेजने की एक प्रेरणादायक मिसाल है। एक सफल उद्यमी के रूप में अपनी पहचान बना चुकी विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम अर्जुनी निवासी राखी ध्रुव ने बताया कि उनकी सफलता की कहानी तब शुरू हुई जब वे रायपुर में अपने एक रिश्तेदार के घर गई थीं और वहां उन्होंने आसपास की महिलाओं को पारंपरिक रूप से इमली लाटा बनाते देखा। इस गतिविधि में छिपी संभावनाओं को देखते हुए राखी ने इसके बारे में विस्तृत जानकारी जुटाई और अपने गांव लौट कर बिहान समूह से जुड़कर इसे एक व्यावसायिक रूप देने का निर्णय लिया। व्यवसाय को सुचारू रूप से चलाने के लिए राखी ध्रुव कच्चे माल के रूप में इमली की खरीदी भाटापारा से करती हैं जबकि उत्पादों की आकर्षक पैकिंग के लिए डिब्बे बिलासपुर से मंगवाती हैं। घर पर ही अन्य समूह की महिलाओं के सहयोग और अपनी कड़ी मेहनत के दम पर उन्होंने इमली लाटा निर्माण की इस गतिविधि को नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया है।

## खट्टे-मीठे अनुभव से तय किया सफलता का सफर

### इमली लाटा से बदली किस्मत

वर्तमान में वे इस कार्य के माध्यम से सालाना लगभग 1.5 लाख रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। जिससे वे अपने परिवार का भरण-पोषण और आर्थिक सुदृढ़ीकरण बहुत अच्छे ढंग से कर पा रही हैं। वे कहती है आसपास के लोग मुझे लखपति दीदी के रूप में बुलाने लगे है यह सुनकर मुझे बहुत ही गर्व महसूस होता है। राखी ध्रुव बताती है कि पति श्री जलेश्वर ध्रुव गांव में टेलरिंग और जूते की दुकान का संचालन करते हैं। उनके मन में खुद कुछ करने की लालसा थी। अब इमली लाटा ने उन्हें नई पहचान दिलाई है।



### सरकारी योजनाओं से मिला संबल

उन्होने अपनी इस सफलता का श्रेय केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को देती हैं। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहती हैं कि सरकार की इन योजनाओं ने ग्रामीण महिलाओं को घर की चारदीवारी से बाहर निकलकर आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में बढ़ने का हौसला दिया है। बिहान के माध्यम से आज उनके जैसे हजारों परिवारों के जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार आया है और महिलाएं समाज में गर्व के साथ अपना सिर ऊंचा कर जी पा रही हैं।

## बैठक : एक लाख से अधिक संरचना निर्माण का लक्ष्य

# मोर गांव मोर पानी अभियान 2.0 होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जल संरक्षण हेतु जल संचय जनभागीदारी 2.0 एवं मोर गांव, मोर पानी अभियान 2.0 प्रारम्भ होग़ा। इस अभियान के तहत जिले में आगामी माह मई तक लगभग 109300 विभिन्न जल संरचनाओं क निर्माण जनभागीदारी से किया जाएगा।

- लोक सेवा गारंटी के आवेदनो का तय समय में निराकरण के निर्देश

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा के दौरान मोर गांव मोर पानी अभियान 2.0 के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

कलेक्टर ने खेल मैदान एवं अन्य शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि गांव में कोटवार व पटवारी रहने के बावजूद शासकीय भूमि पर अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। जहां भी अतिक्रमण है तहसीलदार तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें। एसडीएम राजस्व की समीक्षा बैठक में अतिक्रमण पर जरूर समीक्षा करें और जो भी समस्या हो उसका निराकरण करें। उन्होंने स्कूलों में शिक्षक और विद्यार्थियों की मोबाइल एप के द्वारा अनिवार्य रूप से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जिले के लिये निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति हेतु विकासखंडवार ग्राम पंचायत क्लस्टर में शिविर आयोजित करने के निर्देश सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों को दिये।



### भू-जल स्तर बढ़ाने जल संचयन संरचनाएं जरूरी

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि गिरते भू -जल स्तर से केन्द्र एवं राज्य सरकार चिंतित है एवं भू जल स्तर बढ़ाने के लिये जनभागीदारी से जल संचयन हेतु विभिन्न संरचनाओं क निर्माण जरुरी है। उन्होंने सभी शासकीय भवनों में अनिवार्य रूप से वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण कराने कहा। उन्होंने राजस्व एवं लोक सेवा गारंटी के लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि आवेदनों क निराकरण तय समय पर हो जाना चाहिए। समय- सीमा से अधिक होने पर संबंधित अधिकारी को नोटिस जारी होने के साथ ही नियमानुसार वसूली की कार्यवाही भी होगी। इसी तरह अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन प्रकरणो को भी अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखने के निर्देश दिये।

### कलेक्टर ने दो दिव्यांग बच्चों को प्रदान की व्हील चेयर




बलौदाबाजार। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समाज कल्याण विभाग के माध्यम से दो दिव्यांग बालकों को व्हील चेयर प्रदान किया। व्हील चेयर प्राप्त करने वालों में विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम पिकरी के सुशांत केवट पिता भागवत प्रसाद केवट एवं कसडोल के राज मल्होत्रा पिता रोहित मल्होत्रा शामिल है। व्हील चेयर मिलने से दोनों बालको को स्कूल आने-जाने सहित अन्य दैनिक कार्य के लिये सुगमता होगी। इस दौरान उप संचालक सिनीवाली गोयल सहित समाज कल्याण विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर मोहरा का दल ने किया अवलोकन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

सरस्वती शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित विद्यालयों के निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम भारती बलौदाबाजार के जिला समन्वयक तोला राम यादव के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न विद्यालयों में गहन अवलोकन एवं निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार 10 मार्च को सरस्वती शिशु मंदिर मोहरा में विद्यालय अवलोकन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला ग्राम भारती बलौदाबाजार के नेतृत्व में अवलोकन दल विद्यालय पहुंचा। अवलोकनकर्ता के रूप में अखिलेश कुमार वर्मा तथा धनंजय पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारीगण भी मौजूद रहे, जिनमें शिव कुमार कटारिया, मीना वर्मा, मंजू वर्मा तथा विजय यादव शामिल थे। इसके साथ ही शासकीय विद्यालय से कैवर्त्य मारकंडे, हरिश्चंद्र वर्मा तथा परमेश्वर वर्मा सहित विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदी उपस्थित रहे। अवलोकन के दौरान विद्यालय के महत्वपूर्ण दस्तावेज, फाइलों तथा शैक्षणिक गतिविधियों की जांच-पड़ताल की गई और आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों एवं समिति पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।अंत में विद्यालय की प्राचार्य सुनीता यादव ने विद्यालय परिवार की ओर से सभी अवलोकनकर्ताओं एवं उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# गोरदी में रामचरित मानसगान 13 को, गांव में भक्ति का माहौल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

क्षेत्र के ग्राम गोरदी में रामचरित मानसगान का भव्य समारोह आयोजित किया जा रहा है, जो 13 मार्च तक चलेगा। इस धार्मिक आयोजन में आसपास के गांवों की मानस मंडलियां भाग लेकर भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र का संगीतमयगान कर रही हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भक्ति रस का आनंद ले रहे हैं, जिससे पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

सरपंच सरोज साहू, गोपाल साहू (टेंट), अश्वनी यदु और युगल साहू ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य गांव में धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देना तथा युवाओं को धर्म और संस्कृति से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से गांव में आपसी भाईचारा और सामाजिक एकता भी मजबूत होती है।

वहीं गांव के वरिष्ठजन कुंवर सिंह साहू, परशादीराम साहू, बिसाहूराम साहू और कृपाराम साहू ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन के साथ श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है।

आयोजन में गांव के वरिष्ठजन सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं, जिससे पूरे गांव में आस्था और भक्ति का माहौल बना हुआ है।

### श्रद्धालु हो रहे मंत्रमुग्ध

आयोजन समिति के अनुसार इस कार्यक्रम में भाग लेने वाली प्रत्येक मानस मंडली में पांच सदस्यों का होना अनिवार्य रखा गया है। प्रत्येक मंडली को मंच पर प्रस्तुति देने के लिए एक घंटे का समय दिया जा रहा है। इस दौरान मंडलियां रामचरित मानस के विभिन्न प्रसंगों का गान कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रही हैं। कार्यक्रम में भाग लेने वाली प्रत्येक मानस मंडली को प्रोत्साहन स्वरूप 501 रुपये की राशि भी प्रदान की जा रही है।

# पेंशनर समाज के होली मिलन में गूंजे फाल्गुन गीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ का होली मिलन एवं मासिक बैठक का कार्यक्रम सुभाष बाजार स्थित पेंशनर भवन में हुआ, जिसमें पेंशनरों ने नगाड़े की थाप पर होली गीतों के साथ जमकर फूलों की होली खेली।

वरिष्ठ पेंशनरों सर्वश्री सेवाराम वर्मा, राजाराम यादव, हेमलाल वर्मा, पुनीत राम सेन, मोहनलाल वर्मा, गंगा प्रसाद यदु एवं बाबूलाल निषाद ने पुराने दिनों को याद करते हुए खूब नगाड़े बजाए एवं होली गीतों की प्रस्तुति दिए। मोहनलाल वर्मा ने आज न छोडेंगे फिर हम जोली, खेलेंगे हम होली गीत गाकर वातावरण को होलीमय बना दिया। आसाराम अनंत ने कविताओं के माध्यम से होली मिलन को यादगार बना दिया। सभी वरिष्ठ पेंशनर फूलों की होली के साथ खूब अंग संचालन करते हुए एक दूसरे पर गुलाल लगाकर अपने पुराने दिनों को याद किया। संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल के द्वारा होलियारे पेंशनरों के लिए ठंडाई, मिष्ठान एवं फूलों की भरपूर व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री प्रकाश जाधव,कमल नारायण यदु ,परेटन लाल साहू, रमेश कुमार वर्मा, सुरेश कुमार बाजपेई, विष्णु प्रसाद साहू, गिरधारी लाल वर्मा, महिपाल, गणपत लाल वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा,तीज राम साहू, संतोष केसरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, उत्तम तिवारी एवं सुखचंद बंजारे सहित बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी बैठक में सदस्यता शुल्क वसूली में जिनका उच्चतम योगदान है उन्हें श्रीफल एवं साल से सम्मानित किया जाएगा।



### गाली देने से मना करने पर पंचायत सचिव से मारपीट

**महासमुंद**। गाली देने से मना करने पर ग्राम पंचायत डोंगरीपाली के सचिव के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। मारपीट के शिकार प्रार्थी प्रकाश सांडे पिता स्व गुलापू सांडे (42 साल) कटंगतराई थाना सांकरा ने सांकरा थाने में रिपोर्ट लिखाई है। पुलिस को प्रार्थी ने बताया क 9 मार्च की रात्रि लगभग 8 बजे उसके घर के सामने गांव के स्वागत गेट के पास शैलेंद्र निषाद और नारायण निषाद उसे गाली दे रहे थे।

# पीएम किसान उत्सव दिवस 13 को, जिले के 127544 किसान होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 13 मार्च को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त की राशि का हस्तांरण सायं 5 बजे गुवाहाटी, असम से की जाएगी। इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत देश के करीब 9.32 करोड़ किसानों के खातों में 18,650 करोड़ से अधिक की राशि भेजी जाएगी। वहीं बलौदाबाजार जिले में 127544 पात्र किसानों को इस योजना का लाभ प्राप्त होगा। जिले में इस दिन को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में किसान बैठकों का आयोजन किया जाएगा और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी कराया जाएगा, ताकि किसान सीधे इस कार्यक्रम से जुड़ सकें। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसकी पारदर्शी व्यवस्था है। योजना के तहत राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में पहुंचती है, जिससे बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त हो जाती है। इस राशि का उपयोग किसान अपनी खेती की आवश्यकताओं जैसे बीज, खाद और अन्य कृषि कार्यों में कर सकते हैं, जिससे खेती का खर्च कम होने के साथ किसानों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होती है। जिले में 12 से 31 मार्च तक ग्राम पंचायत स्तर पर सेचुरेशन ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें किसानों के एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर आईडी पंजीयन, ई-केवायसी, आधार सीडिंग, संदिग्ध प्रकरणों का सत्यापन एवं सुधार कार्य तथा पात्र किसानों का नवीन पंजीयन आदि किया जाएगा।



## निरंजन-सुखमति का अनोखा प्रेम : पेड़-पौधों को बनाया संतान

# श्रमिक की मेहनत से बगीचे में खिले फूल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

मुड़पार निवासी निरंजन साहू और इनकी पत्नी सुखमति को पेड़ पौधे, फूल लगाना बेहद पसंद हैं। निरंजन बचपन से ही बगीचे लगाने का शौक है, जिसमें इनकी पत्नी सुखमति इन्हें मदद करती हैं। इनकी कोई संतान नहीं है। ये पेड़ पौधे को अपनी संतान की तरह देखभाल करते हैं। ये गरीब मजदूर जरूर हैं, लेकिन बगीचे लगाने की बात आती है, तो मजदूरी करके पैसे इकट्ठे करते हैं और सारा पैसा फूल, पौधे लगाने में खर्च कर देते हैं। इन्होंने मुड़पार से रायकोना मुख्य मार्ग में स्थित मजीठा तालाब के किनारे कई दर्जन पेड़, पौधे, फूल लगाकर बगीचे लगाया, जिसे हर कोई पसंद कर रहा है और अपनी ओर ध्यान खींच रहा है। सुंदर और सुगंधित फूल किसको नहीं भाता हर कोई बगीचे के पास जाना, टहलना पसंद करता है। लोग इनके बनाए गार्डन को देखने आते हैं। यहां से गुजरने वाला हर शख्स एक बार गार्डन के बारे में पूछता है और प्रशंसा किए बिना नहीं रहता।

### 4 लाख खर्च कर मजदूर दंपति ने बनाया गार्डन

गार्डन में रुचि रखने वाला निरंजन ने अब तक 4 लाख खर्च किया है। गार्डन में 12 प्रकार के मंदार फूल, 5 प्रकार के गुलाब, सेवंती, गेंदा, कनेर फूल एवं नारियल, पीपल, बरगद, बेल, मंजूर झाड़ लगाया है। इसके अलावा भी इन्होंने आकर्षक और मनमोहक कई फूल, पौधे लगाया है। इन्हें इस कार्य में कोई आर्थिक मदद नहीं करता ये बकरी पालन करके अर्जित आय से गार्डन में खर्च करते हैं।

